Title: Need to start broadcasting of F.M. radio in Amreli Parliamentary Constituency, Gujarat-laid.

श्री वी.के. ठुम्मर (अमरेली) : महोदय, मेरा संसदीय क्षेत्र अमरेली पूरी तरह से खेतीबाड़ी पर आधारित है और यहां के मजदूर और किसानों के पास मनोरंजन के साधन नहीं हैं और वे आधुनिक किस्म के मनोरंजन उपक्रम खरीदने में सक्षम नहीं है। रेडियो ही एक ऐसा साधन है जिसे किसान और मजदूर खरीद सकता है। आधुनिक समय में एफ एम के माध्यम से मनोरंजन साधन उपलब्ध हैं, परन्तु अभी तक मेरे संसदीय क्षेत्र में एफ एम के प्रसारण की शुरूआत नहीं की गई है। यहां के लोगों ने एफ एम प्रसारण शुरू करने की मांग की है जिसे तत्काल प्रसारित किया जाना अति आवश्यक है। देश के बड़े-बड़े शहरों में अच्छे मनोरंजन के अच्छे साधन हैं। अतः ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों और मजदूरों को मनोरंजन के साधन उपलब्ध कराने हेतु एफ एम का प्रसारण शुरू किया जाये।

सदन के माध्यम से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र अमरेली में एक एफ एम का प्रसारण इसी वित्तीय वर्ष में आरंभ किया जाये।